## खबर संक्षेप

### विधायक शरद कोल का जन्मदिन मनाया गया



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के ब्यौहारी क्षेत्र के विधायक शरद कोल का जन्मदिन राजधानी भोपाल स्थित उनके सरकारी आवास पर सादगीपूर्ण और आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और पत्रकारगण मौजूद रहे। भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार संजीव दुबे सहित अन्य पत्रकारों ने विधायक कोल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य व दीर्घायु की कामना की। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक निवास के आसपास भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े-बड़े होर्डिंग्स और पोस्टर लगाए गए थे, जिनमें उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए जन्मदिन की बधाइयां दी गईं। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने विधायक के सादगीपूर्ण और जनता से जुड़े रहने की प्रशंसा की और उनके नेतृत्व में क्षेत्र की निरंतर प्रगति की कामना की। जन्मदिन समारोह आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें उत्साह और सम्मान का भाव साफ दिखाई दिया।

### नवागत सीईओ ने किया पदभार ग्रहण



**शहडोल।** नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती कल्पना यादव ने जनपद पंचायत ब्यौहारी कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया तथा विभागीय अधिकारियो से किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के प्रगति की जानकारी ली।

### कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम देवरी निवासी सुखसेन बैगा ने आर्थिक सहायता राषि, ग्राम पडमनिया निवासी फुलसरिया चौरसिया ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, बुढार ओपीएम निवासी राजेष सिंह ने विद्युत लाइन में सुधार करवाने, धनपुरी निवासी इमरान अंसारी ने आयुष्मान कार्ड बनवाने, ग्राम सिंदुरी निवासी मीरा बाई सेन ने विद्युत मीटर बदलवाने एवं बिजली बिल सुधार करवाने हेतु जन सुनवाई में आवेदन किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

### राखी बनाओ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**शहडोल।** सचिव जिला महिला समिति विद्यालय शहडोल श्रीमती संगीता दुबे ने बताया कि आगामी रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिला महिला समिति विद्यालय में राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियो ने भाग लिया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा 06वीं की छात्रा प्राची उपाध्याय प्रथम, द्वितीय स्थान पर छात्र सुजीत केवट तथा तृतीय स्थान पर छात्र अलोक मेहरा रहें। कक्षा 07 वी में प्रथम स्थान पर छात्रा दीप्ती सोधिया, द्वितीय स्थान पर छात्रा निकिता कुमारी, तथा छात्रा तबस्सुम बानो ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### कमिश्नर ने सुनी लोगों की फरियाद



**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिये।

# भारती टावर अग्निकांड ने खोली नगर नियोजन की पोल, एक दमकल भी फेल











*भारती टावर में भीषण अग्निकांड के बाद नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भवन में फायर सेफ्टी सिस्टम होता, तो आज इतना बड़ा हादसा टल सकता था। बिना फायर इक्विपमेंट के निर्माण को अनुमति कैसे दी गई, इस पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना ने नगर नियोजन, दमकल विभाग और प्रशासन की लापरवाही की परतें उधेड़ दी हैं।*

## फायर सेफ्टी सिस्टम होता तो बच सकतीं दर्जनों दुकानें: नपा अध्यक्ष

## भवन अवैध, फायर इक्विपमेंट गायब और नक्शे की खुली अनदेखी, घनश्याम जायसवाल ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

शहर के सबसे व्यस्त गांधी चौक क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए भीषण अग्निकांड ने शहरी सुरक्षा व्यवस्थाओं की हकीकत उजागर कर दी। भारती टावर में लगी आग ने न सिर्फ दर्जनों दुकानों को चपेट में ले लिया बल्कि लाखों की संपत्ति स्वाहा कर दी। इस हादसे के बाद नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल का बड़ा बयान सामने आया है, जिन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भवन में अगर फायर सेफ्टी से जुड़े उपकरण होते तो यह हादसा इतना भयावह न होता। घटना की शुरुआत भारती टावर की तीसरी मंजिल स्थित एक जिम से हुई, जहां शॉर्ट सर्किट के चलते आग भडक़ी और धीरे-धीरे पूरी इमारत को अपनी चपेट में लेती गई। कुछ ही देर में आग ने हरियाणा हैंडलूम, भारती प्रेस, टावर होटल समेत आस-पास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। नगर पालिका अध्यक्ष जायसवाल ने घटनास्थल पर मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भवन में न तो फायर अलार्म सिस्टम था, न ही अग्निशमन उपकरण। अगर समय पर फायर एक्सटिंग्विशर और अलार्म जैसी बुनियादी सुविधाएं होतीं, तो आग को शुरुआती स्तर पर ही काबू किया जा सकता था।

### दमकल सेवा हुई फेल, एक गाड़ी खाली लौट गई

स्थानीय लोगों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड की सेवाएं बेहद कमजोर साबित हुईं। घटनास्थल पर दो दमकल वाहन पहुंचे, लेकिन उनमें से एक में पानी नहीं था और वह खाली लौट गई, जबकि दूसरी तकनीकी कारणों से काम नहीं कर सकी। बाद में प्रशासन को अन्य नगरीय निकायों और रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट से दमकल वाहन मंगवाने पड़े, जिससे आग पर आंशिक नियंत्रण पाया जा सका।

### सबसे ज्यादा नुकसान हरियाणा हैंडलूम को

इस हादसे में सबसे ज्यादा नुकसान हरियाणा हैंडलूम प्रतिष्ठान को हुआ है, जहां करीब 1 करोड़ रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। वहीं, टावर में स्थित जिम का करीब 50 लाख रुपये का नुकसान आंका गया है। इसके अलावा राहुल अग्रवाल की प्रिंटिंग प्रेस सहित कई अन्य दुकानें भी प्रभावित हुई हैं।

### अवैध निर्माण और ट्रस्ट की भूमि पर कब्जे के आरोप

घटना के बाद भारती टावर की वैधता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, जिस भूखंड पर यह टावर खड़ा किया गया है, उसका एक हिस्सा मोहनराम तालाब ट्रस्ट की भूमि पर कब्जा कर बनाया गया है। इतना ही नहीं, नगर पालिका द्वारा दिए गए नक्शे और स्वीकृत डिजाइन के अनुरूप भवन निर्माण नहीं किया गया। कई हिस्से मानकों के विरुद्ध अवैध रूप से बनाए गए हैं। घनश्याम जायसवाल ने इस पर भी सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जब भवन निर्माण स्वीकृति दी गई थी, तब फायर सेफ्टी की कोई पड़ताल नहीं की गई थी। अब इस तरह की लापरवाही पूरे इलाके को खतरे में डाल रही है।

### कलेक्टर की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

घटना के तुरंत बाद कलेक्टर डॉ. केदार सिंह मौके पर पहुंचे और नगर पालिका सहित संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए। उनकी तत्परता के चलते फंसे हुए लोगों, जिनमें भवन स्वामी राहुल अग्रवाल का परिवार भी शामिल था, को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि शहर के सघन आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित सभी बहुमंजिला व्यावसायिक इमारतों की फायर सेफ्टी ऑडिट कराई जाए। इसके अलावा अवैध निर्माण और निकासी व्यवस्था की भी गहन जांच करने के आदेश दिए हैं।

### स्थानीय आक्रोश और प्रशासन की जवाबदेही

घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में खासा आक्रोश देखने को मिला। उनका कहना था कि अगर पहले ही फायर ब्रिगेड की व्यवस्था दुरुस्त होती और नगर पालिका ने भवन निर्माण की मंजूरी देने से पहले सभी मानकों की जांच की होती, तो यह हादसा टाला जा सकता था। घनश्याम जायसवाल ने भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि हम केवल हादसों के बाद रोने की बजाय उससे पहले सजग हों। हर व्यावसायिक इमारत में फायर सेफ्टी अनिवार्य होनी चाहिए।

## रक्षाबंधन से पहले सब्जी मंडी में उमड़ी भीड़



### ट्रैफिक व्यवस्था ठप, महिला उपभोक्ता सबसे ज्यादा परेशान

**शहडोल।** रक्षाबंधन का पर्व नजदीक आते ही शहडोल की प्रमुख सब्जी मंडी समेत पूरे बाजार क्षेत्र में खरीदारों की भीड़ उमडऩे लगी है। मंगलवार को सब्जी मंडी में खरीदारी करने पहुंचे हजारों उपभोक्ताओं को भारी अव्यवस्था और ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। खासकर महिला उपभोक्ताओं को भीड़, धक्का-मुक्की और वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही के कारण खासी दिक्कतें उठानी पड़ीं। सब्जी मंडी के आसपास स्थित स्थायी दुकानदारों ने बताया कि हर साल त्योहारों के समय नगर पालिका और यातायात पुलिस द्वारा कुछ न कुछ व्यवस्थाएं की जाती थीं, लेकिन इस बार पूरी तरह से प्रशासनिक उदासीनता दिखाई दी। न तो ट्रैफिक कंट्रोल के लिए कोई जवान तैनात किए गए, और न ही अंदर प्रवेश करने वाले वाहनों पर कोई रोक-टोक रही। मुख्य मार्गों पर ठेले, बाइक और चार पहिया वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही ने हालात और भी बिगाड़ दिए। मंडी के अंदर घुसते ही जहां एक ओर दुकानों पर भीड़ लगी थी, वहीं दूसरी ओर हर गली और मोड़ पर वाहन खड़े मिले, जिससे पैदल चलना तक दूभर हो गया। महिलाओं ने बताया कि बाजार में न तो कोई पैदल चलने की जगह छोड़ी गई है और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम हैं। कई महिलाएं छोटे बच्चों के साथ खरीदारी के लिए पहुंची थीं, जिन्हें भीड़ में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि हर बार त्योहारों से पहले ट्रैफिक डायवर्जन और अतिक्रमण हटाने जैसी कार्रवाई की जाती थी, जिससे भीड़ का दबाव कम होता था। परंतु इस बार न तो गांधी चौक से लेकर सब्जी मंडी और गंज मार्ग तक कोई डायवर्जन व्यवस्था की गई और न ही ठेले और फड़ वालों को किसी तय स्थान पर सीमित किया गया।स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने नगर पालिका और यातायात विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि इसी तरह व्यवस्था रही, तो रक्षाबंधन से पहले बाजार क्षेत्र में हालात और ज्यादा खराब हो जाएंगे। ऐसे में नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से सख्त और प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू किया जाना चाहिए।जनता की मांग है कि इंदिरा चौक से लेकर सब्जी मंडी और गंज मार्ग तक वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण, ठेलों को निर्धारित स्थानों पर सीमित करना, पुलिस जवानों की तैनाती और पैदल चलने के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया जाए। केवल रक्षाबंधन ही नहीं, बल्कि हर त्योहार पर यह स्थिति बनती है, जिसे देखते हुए स्थायी समाधान की जरूरत है। स्थानीय प्रशासन यदि समय रहते हरकत में नहीं आया, तो आने वाले दिनों में यह बाजार इलाका पूरी तरह से जाम और अव्यवस्था की चपेट में आ जाएगा, जिससे न केवल उपभोक्ता बल्कि दुकानदार भी प्रभावित होंगे।

## नकली और गुणवत्ता विहीन मिठाई बेचने का आरोप

# स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहे बीकानेर मिष्ठान भंडार के उत्पाद







शहडोल।

**शहर में मिठाइयों और डेली नीड्स के लिए प्रसिद्ध हो चुकी बीकानेर मिष्ठान भंडार की साख पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बगिया चौराहे पर स्थित इस दुकान पर खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा की गई छापेमारी में कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जो न केवल उपभोक्ता अधिकारों का हनन है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हैं। मंगलवार शाम को खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी आर.के. सोनी ने अपनी टीम के साथ बीकानेर मिष्ठान भंडार पर छापा मारा।**

कार्रवाई के दौरान दुकान में कई ऐसे उत्पाद मिले, जिनमें न तो निर्माण की तिथि लिखी थी और न ही एक्सपायरी डेट। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि काउंटर पर रखी ब्रेड दो दिन पुरानी और कालातीत पाई गई। जब अधिकारी की नजर इस ब्रेड पर पड़ी, तो दुकानदार ने गलती बताकर उसे चुपचाप हटा दिया।

कार्रवाई के दौरान घी, अचार, मिठाई, नमकीन जैसी वस्तुओं के सैंपल लिए गए। विभाग ने इन सभी वस्तुओं का पंचनामा बनाकर उन्हें जांच के लिए भेजा है। अधिकारी आर.के. सोनी ने बताया कि इन उत्पादों में गुणवत्ता, लेबलिंग और मूल स्रोत संबंधी आवश्यक जानकारी का अभाव था। दुकानदार द्वारा बताया गया कि ये उत्पाद राजस्थान से लाए जाते हैं, लेकिन इन पर न तो निर्माण स्थल का उल्लेख था, न ही उनमें क्या सामग्री मिली हुई है इसका कोई विवरण। अचार के डिब्बों पर न निर्माण की तिथि थी और न ही वैधता की जानकारी। इससे स्पष्ट है कि इन उत्पादों की कोई गुणवत्ता जांच नहीं होती और इन्हें सिर्फ नाम के भरोसे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा रहा है।

केवल यही नहीं, दुकान संचालक महावीर सिंह और उसके सहयोगी पर महिला ग्राहक से अभद्र व्यवहार करने और नकली मिठाई देने का आरोप भी लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक महिला ग्राहक ने शनिवार को 600 रुपये की खोये की मिठाई खरीदी थी। जब रविवार को मिठाई खराब हो गई और सोमवार को महिला ने दुकान पर मिठाई लौटाने की कोशिश की, तो संचालक द्वारा न केवल मिठाई लेने से इनकार कर दिया गया, बल्कि अभद्र भाषा में बात कर उसे दुकान से भगा दिया गया। ग्राहकों के साथ इस तरह का व्यवहार और घटिया गुणवत्ता वाले उत्पाद बेचना उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। अगर समय रहते खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंचती, तो न जाने कितनी पुरानी ब्रेड और नकली मिठाइयां लोगों के घरों तक पहुंच जातीं। बीकानेर मिष्ठान भंडार के नाम पर चल रही इन दुकानों में न कोई ब्रांड रजिस्ट्रेशन है, न खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। विभागीय जांच से स्पष्ट हुआ है कि यह दुकान स्वास्थ्य मानकों का गंभीर उल्लंघन कर रही है। अब सवाल यह उठता है कि जब इतनी बड़ी मात्रा में अवैध, नकली और बिना लेबलिंग के उत्पाद बाजार में खुलेआम बेचे जा रहे हैं, तो विभाग ने अब तक इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की? इस तरह के व्यापार न केवल आम जनता की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि खाद्य कानूनों की खुलेआम धज्जियां भी उड़ा रहे हैं।

बीकानेर मिष्ठान भंडार जैसे प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई और नियमित जांच बेहद जरूरी है, ताकि नकली उत्पादों के सेवन से लोगों के स्वास्थ्य को होने वाले खतरे को रोका जा सके। उपभोक्ताओं से अपील है कि खरीदारी करते समय उत्पाद की गुणवत्ता और लेबलिंग की अनिवार्य रूप से जांच करें और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें।

### अन्नापूर्णा खाद्य प्रतिष्ठान का किया गया निरीक्षण

कलेकटर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारों रक्षाबंधन पर्व जन्माष्टमी आदि को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर. के. सोनी द्वारा संभागीय मुख्यालय शहडोल के अन्नापूर्णा खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान की साफ-सफाई, गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री रखने व मिलावट न करने की समझाइश दी गई, साथ ही गुणवत्ता की जांच हेतु दूध, पनीर और म_ा का सैंपल लेकर खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## श्री राम जानकी मंदिर के महंत श्री श्री राम बालक जी महाराज का निधन, बुढार नगर में शोक की लहर

बुढार।

नगरवासियों के लिए मंगलवार का दिन अत्यंत दुःखद रहा, जब श्री राम जानकी मंदिर बुढार के पूज्य महंत श्री श्री राम बालक जी महाराज के निधन का समाचार मिला। महंत जी का वैकुंठ गमन आज प्रातः श्रीराम हॉस्पिटल शहडोल में हो गया। उनके निधन से नगर ने एक आध्यात्मिक गुरु, मार्गदर्शक और समाज के प्रेरणास्त्रोत को खो दिया। श्री श्री राम बालक जी महाराज वर्षों से श्री राम जानकी मंदिर की सेवा में समर्पित रहे और भक्ति व साधना के माध्यम से उन्होंने जनमानस को धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके निधन से श्रद्धालु वर्ग एवं नगरवासी शोकाकुल हैं।



महाराज श्री के अंतिम दर्शन के लिए उनका पार्थिव शरीर 5 अगस्त 2025 को श्री राम जानकी मंदिर, बुढार में आम श्रद्धालुओं के लिए रखा गया जहां सैकड़ों लोग दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक वर्गों ने महंत श्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक संवेदनाएं प्रकट करने वालों में पूर्व नगर पालिका अधिकारी रविकांत त्रिपाठी,नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, पूर्व अध्यक्ष कैलाश विशनानी, व्यापारी एवं समाजसेवी राजकुमार सरावगी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सुजीत सिंह चंदेल, समाजसेवी अजय सिंह और बलमीत सिंह खनूजा व उनके पूज्य पिता शामिल हैं। इन सभी ने कहा कि महंत श्री श्री राम बालक जी महाराज का जाना केवल एक संत का नहीं, बल्कि नगर की आध्यात्मिक विरासत का अभाव है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और समस्त भक्तों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## महिला के घर से लाखों की चोरी, कार्रवाई न होने से पीड़िता भटक रही

## पीड़िता ने आईजी को दिया आवेदन, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**शहडोल।** संभाग के उमरिया जिले के पाली थाना अंतर्गत बिंझला वार्ड नंबर 4 की निवासी मधु दुबे पति सुनील दुबे ने अपने घर में हुई लाखों रुपये की चोरी को लेकर पुलिस महानिरीक्षक को शिकायत सौंपी है। पीड़िता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 मार्च की शाम वह अपने बेटे के साथ इलाज के लिए उमरिया गई थीं। 9 मार्च को शाम करीब 5 बजे जब वे घर लौटीं, तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा और अंदर रखी दो पेटियों के ताले टूटे हुए थे। शिकायत के अनुसार, घर से लगभग 1 तोला सोने की चेन, सोने की बालियां, अंगूठियां, झुमके, चांदी की पायल, चांदी के सिक्के, नाक की लौंग, 5 जोड़ी बोराकसी चांदी की पायल, 15 नई साड़ियां, लोहे की दो बड़ी-बड़ी कढ़ाई सहित करीब 48,000 रुपये नकद चोरी हो गए। कुल चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये बताई गई है। महिला ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने थाना पाली में शिकायत दर्ज कराई थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फिंगर प्रिंट लिए और जांच का आश्वासन दिया, लेकिन कुछ दिनों बाद जब रिपोर्ट की स्थिति जानने महिला थाने पहुंची, तो पुलिस ने कहा कि अभी रिपोर्ट नहीं आई है। सोमवार तक आने की बात कही गई, लेकिन रिपोर्ट फिर भी उपलब्ध नहीं कराई गई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि चोरी की घटना के कुछ दिन बाद दो अज्ञात व्यक्ति घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। जब बेटे ने दरवाजा खोलने से मना किया, तो दोनों ने खुद को विधायक मीना सिंह का आदमी बताकर डराने की कोशिश की और कहा तुम शिकायत करोगी तो देख लेना। महिला ने पूर्व में भी अपने घर में चोरी को लेकर अपने ही परिवार के सदस्यों पर आरोप लगाया था, जिसमें थाना द्वारा सामान वापस दिलवाया गया था, लेकिन इस बार न तो सामान मिला और न ही पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई की। आईजी शहडोल को सौंपे गए आवेदन में महिला ने मांग की है कि उसके घर में चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और चोरी गया सारा सामान वापस दिलवाया जाए। साथ ही पुलिस की लापरवाही की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो।



**खबर संक्षेप**

## मत्स्य बाजार के निरीक्षण के दौरान 13 किलो मछली जप्त

**उमरिया।** सहायक संचालक मत्स्याद्योग ने सोशल मीडिया एवं समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार रोक के बावजूद उमरार डेम से पकड रहे मछली के संबंध में बताया कि प्रबंधक मछुआ सहकारी समिति एवं अन्य व्दारा विगत दिवस संयुक्त रूप से उमरार डेम का निरीक्षण किया गया । इसके अतिरिक्त 27 जुलाई 2025 को मत्स्य बाजार उमरिया का निरीक्षण कर 13 किलो मछली जप्त कर नीलामी राशि 500 रूपये शासन के खाते मे जमा कराई गई।

## सहायक मलेरिया अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई



**उमरिया।** कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी में ममता परस्ते सहायक मलेरिया अधिकारी के पद पर उमरिया में 11 वर्षो से अपनी सेवाए सफातापूर्वक दी और अपने जीवन काल में 41 वर्ष 7 माह शासकीय सेवा में रही। विदाई समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल द्वारा सम्मान समारोह में उपस्थित होकर उनके जीवन काल स्वस्थ रहने हेतु कामना की गई। कार्यक्रम में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉक्टर एस बी चौधरी , सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ.के.सी.सोनी, डाक्टर सी.पी.शाक्य शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप सिंह, आरएमओ डॉ.मुकुल तिवारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

## बांधा मंदिर में मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**स्लीमनाबाद।** श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को संपूर्ण वैदिक विधि विधान एवं मंदिर की स्थापित परंपरा अनुसार पूर्ण भव्यता के साथ मनाई जावेगी। मंदिर ट्रस्ट एवं सेवा समिति द्वारा प्रेषित आयोजन विवरण के अनुसार जन्म महोत्सव के एक दिवस पूर्व से भगवान के पवित्र नाम की कीर्तन प्रारंभ हो जावेगी। 16 अगस्त को प्रातः काल में भगवान का अभिषेक पूजन होगा तथा मध्य रात्रि 12:00 बजे भगवान के जन्म झांकी के दर्शन होंगे । मंदिर में प्रातः 9:00 बजे से स्थानीय भजन मंडलों द्वारा संकीर्तन भजन होंगे, दोपहर 12:00 से भक्ति भजन गायक संदीप तिवारी के संयोजन में श्री राम भक्ति भजन मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत होंगे। सायं 8:00 बजे से रात्रि पर्यंत तक लगातार 21 वर्षों से सेवारत श्री जय मां आसमानी भजन मंडल के प्रसिद्ध भजन गायक सचिन समदरिया तथा उनके सहयोगी साथी कलाकारों द्वारा भजन गंगा प्रवाहित होगी । विशिष्ट झांकियां, बाल खेलों के साथ साधु संत एवं विद्वान जनों का सत्संग भी प्राप्त होगा । समस्त श्रद्धालु धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधार कर श्री कृष्ण जन्मोत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की गई है ।

## दिनदहाड़े युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम गृह के पास एक युवक पर दिनदहाड़े चाकू से हमला कर लहुलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार रंगनाथ थाना क्षेत्र निवासी युवक हर्ष यादव पर दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की यह सनसनीखेज वारदात ऐसे स्थान पर हुई जो आमतौर पर पुलिस और अस्पताल स्टाफ की निगरानी में रहता है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल हर्ष को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत जबलपुर रेफर कर दिया। घायल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि हमलावर पहले से उसे निशाना बनाने की फिराक में थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है।

### जवाब नहीं देने पर कार्रवाई तय, जिला पंचायत से जारी हुआ था पत्र

# मनरेगा में लापरवाही पर घिरे उपयंत्री रईसुद्दीन

**शहडोल। उपयंत्री पर मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही और प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी के आरोप हैं। जिला पंचायत शहडोल द्वारा उन्हें 17 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन 5 अगस्त तक भी जवाब नहीं दिया गया है। यह रवैया शासन के निर्देशों की खुली अवहेलना है और अब उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है। जिले की जनपद पंचायत जयसिंहनगर में पदस्थ उपयंत्री रईसुद्दीन खान एक बार फिर प्रशासन के निशाने पर हैं।**

मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में भारी लापरवाही, उदासीनता, और आदेशों की लगातार अनदेखी के गंभीर आरोपों के चलते उन्हें जिला पंचायत शहडोल द्वारा 13 बिंदुओं पर आधारित कारण बताओ सूचना पत्र 17 जुलाई 2025 को जारी किया गया था। बावजूद इसके, 5 अगस्त तक उपयंत्री द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना अब और प्रबल हो गई है।

### 13 बिंदुओं पर गंभीर आरोप, फिर भी चुप्पी

यह नोटिस कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग शहडोल के पत्र क्रमांक 505, दिनांक 11 मार्च 2025 के आधार पर जारी किया गया था। इसमें उल्लेख किया गया है कि उपयंत्री अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से नहीं कर रहे, जिससे न केवल योजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित हुई है बल्कि गरीब ग्रामीणों को मिलने वाला रोजगार भी बाधित हुआ है।

### मानव दिवस सृजन में भारी गिरावट

वर्ष 2024-25 के लिए तय 1,28,637 मानव दिवस लक्ष्य के विरुद्ध केवल 69,262 मानव दिवस सृजित किए गए, जो कुल लक्ष्य का मात्र 54त्न है। यह दर्शाता है कि न तो श्रमिकों को पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराया गया और न ही योजनाएं समय पर क्रियान्वित हो सकीं। कुल 356 प्रगतिरत कार्यों में से 289 कार्यों में मस्टर रोल जारी नहीं किया गया, जिससे न तो श्रमिकों की उपस्थिति







प्रमाणित हो सकी और न ही उन्हें समय पर मजदूरी मिल पाई। वर्ष 2022-23 से पहले के 148 कार्य आज भी अधूरे हैं। कपिलधारा, तालाब, सडक़, वृक्षारोपण जैसी अन्य योजनाओं के 298 कार्य वर्षों से लंबित पड़े हैं।

### फर्जी कार्य पूर्णता दर्ज करने का आरोप

बिना जनपद को सूचित किए पोर्टल पर कई कार्यों को पूर्ण दर्शाया गया है, जिससे फर्जीवाड़े की आशंका गहराई है। मूल्यांकन समय पर नहीं होने के कारण मजदूरी भुगतान में देरी हुई, जिससे मानव दिवस सृजन और श्रमिक संतुष्टि दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कुल पंजीकृत श्रमिकों में से केवल 73 प्रतिशत को ही रोजगार मिला, जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि सभी को नियोजन में शामिल किया जाए। वनाधिकार पट्टाधारियों को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी गई, जो कि निर्देशों की सीधी अनदेखी है।

### सीएम हेल्पलाइन पर भी रही उदासीनता

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज 23 शिकायतें अब तक लंबित हैं। उपयंत्री ने कभी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करना भी जरूरी नहीं समझा। इससे यह साफ है कि शिकायत निवारण तंत्र को भी नजरअंदाज किया गया। मनरेगा अधिनियम के अनुसार जो 7 अनिवार्य रजिस्टर संधारित होने चाहिए, वे भी मौके पर नहीं पाए गए। पहले भी उपयंत्री को कई बार कारण बताओ नोटिस दिए जा चुके हैं, लेकिन उन्होंने कभी संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।

### प्रशासन ने दिखाया सख्त रुख

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा), जिला पंचायत शहडोल ने 22 जुलाई तक उपयंत्री को सभी बिंदुओं पर साक्ष्य सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। जवाब न देने को अब प्रशासन ने आदेश उल्लंघन मानते हुए, अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखा है। संविदा समाप्ति या कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी हो रही है।

### संविदा समाप्ति से लेकर आपराधिक प्रकरण तक की तैयारी

यह मामला अब पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उच्च अधिकारियों तक पहुंच चुका है। यदि उपयंत्री दोषी पाए जाते हैं, तो उनकी संविदा समाप्त की जा सकती है। यह पूरा मामला एक बार फिर दर्शाता है कि जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में यदि जवाबदेही नहीं तय की गई, तो गरीबों को मिलने वाले अधिकार केवल फाइलों और पोर्टलों में ही रह जाएंगे। उपयंत्री की लापरवाही केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक अन्याय के रूप में देखी जा रही है। जनता, मीडिया और शासन की नजरें अब जिला प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। सवाल यह है कि क्या इस बार केवल नोटिस देकर मामला शांत कर दिया जाएगा या फिर वाकई में एक मिसाल कायम की जाएगी?

**इनका कहना है...**

नोटिस जारी हुआ है, जवाब की प्रतिक्षा है।

**एम.पी. सिंह**
**अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

## जनसुनवाई में आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया ने जिले के दूर दराज से आए लोगो की समस्याओं को सुना । समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित किया। जनसुनवाई में धमेन्द्र राय मझगवां ने विक्रय पत्र निष्पादन उपरांत नामांतरण नही होने, बबलू बर्मन बिलासपुर तहसील ने दिव्यांगता होने पर बैट्री चलित सायकिल दिलाने, मोलई बारी ग्राम हरदुआ ने पीएम आवास दिलाने, राम प्रसाद डोगरगवां ने भूमि से कब्जा हटवाने, मोलिया बाई बैगा ने पूरक पोषण आहार की राशि दिलाने, पदमधार व्दिवेदी ग्राम खलौंध ने मूंग उरद का पंजीयन कराने, मीरा सेन चंदवार ने पीएम आवास की रूकी हुई राशि दिलाने, बुध्दू केवट



चंदिया ने राशन कार्ड, वृध्दावस्था पेंशन दिलाने, सरपंच एवं उपसरपंच मुंडा ने गौशाला से अतिक्रमण हटाने, भगवनिया बाई ग्राम छिंदहा ने कब्जे की आराजी का पट्टा दिलाने की मांग की । जनसुनवाई में एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व से बाधिन वन विहार पहुंचाई गई



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मगधी रेंज स्थित बेहेरहा एनक्लोजर क्रमांक-1 में रह रही एक मादा बाघिन का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। यह समूचा रेस्क्यू अभियान संचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, डॉ. अनुपम सहाय के पर्यवेक्षण एवं उप संचालक पी. के. वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। रेस्क्यू ऑपरेशन से पूर्व बाघिन के व्यवहार का गहन अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट भोपाल भेजी गई थी। इसके पश्चात, वन्यजीव विशेषज्ञों की निगरानी में यह रेस्क्यू कार्य संपन्न हुआ। रेस्क्यू के दौरान वन्यजीव चिकित्सा टीम में डॉ. राजेश तोमर, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, तथा डॉ. अभय सेंगर, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी, संजय टाइगर रिजर्व उपस्थित रहे। दोनों चिकित्सकों द्वारा मादा बाघिन की संपूर्ण चिकित्सकीय जांच एवं आवश्यक जैविक नमूनों का संग्रह किया गया। बाघिन को अब आगे की चिकित्सा देखभाल एवं निगरानी हेतु वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल स्थानांतरित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील रेस्क्यू अभियान में एसडीओ ताला, एसडीओ धमोखर, रेंज ऑफिसर मगधी, रेंज ऑफिसर पतौर एवं रेंज ऑफिसर धमोखर की टीमों का सराहनीय योगदान रहा। सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से यह मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## एकता महिला समिति ने मनाया सावन श्रृंगार महोत्सव



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिखाई प्रतिभा

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** एकता महिला समिति जमुना द्वारा सावन सिंगर महोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया कार्यक्रम की मुख्य आयोजिका अखिल भारतीय मानवाधिकार महिला संगठन मीनू तिवारी रहीं। इस आयोजन पर महिलाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्विज प्रतियोगिता और लुभावने खेलों का आयोजन किया गया वरिष्ठ माताओं ने पारंपरिक कजरी गीतों से सभी में उत्साह जगाया और गीतों के माध्यम से अपने पारंपरिक लोकगीतों को सदैव बनाए रखने की बात की गई। सावन के गीतों पर महिलाओं के नृत्य ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया जबकि कार्यक्रम में आईं सभी माता बहनों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम को लेकर मीनू तिवारी ने कहा महिलाएं सदैव अपने घर परिवार में जिम्मेदारियां के प्रति व्यस्त होने के कारण स्वयं के लिए समय नहीं निकाल पाती इसलिए हमें समय-समय पर ऐसे सामाजिक आयोजन करते रहना चाहिए जिससे कि हमारी बहनों में मानसिक आनंद एवं आत्म बल को पहचान बहनों को सामाजिक मंच से जोड़ा जा सके जिससे कि प्रत्येक महिला अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को महसूस कर सके एवं स्वयं के लिए जीने का कुछ समय आनंद के साथ निकल सके।हमें एक नारी होने के कारण और भी महिलाओं के सर्वांगीण विकास उनकी आत्मनिर्भरता और उनके प्रत्येक समस्याओं एवं उनके समाधान हेतु निरंतर आगे जाकर कार्य करना चाहिए आज के इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सभी सकरी महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई।

## पशु तस्करी करते दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

### 9 लाख कीमती 18 मवेशी बरामद, विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

**हरभिमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान की सख्ती के बाद जहां बीते कुछ माह से पशु तस्करी पर विराम लग गया था। धीरे-धीरे फिर से तस्कर नये गैंग बनाकर सक्रिय हो रहे हैं। कोतमा थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात को पशु तस्करी करते दो आरोपियों को दबोचते हुए उनके कब्जे से 18 नग मवेशी (पड़वा) कीमती 9 लाख रुपए को बरामद कर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आधी रात को पुलिस ने सेमरिया





चौराहा के पास से 18 नग मवेशियों को निर्दयता पूर्वक मारपीट कर क्रूरता पूर्वज केशवाही की ओर ले जाते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ पशु तस्कर मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी स्वामीदीन अगरिया 28 वर्ष पिता भगवानदीन निवासी लोहासुर एवं मोहम्मद अजमल अली उर्फ दादू मुसलमान 42 वर्ष निवासी मौहर टोला केशवाही को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पशु परीक्षण अधिनियम की धारा 6, 6 (का) 6 (ख) ( 1) 9 ( 1) 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 11 (1) घ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। मामले में फरार आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। विदित रहे की पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा पूरे जिले से पशु तस्करी के सिंडिकेट को ध्वस्त करते हुए माफिया अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू सहित दो दर्जन तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्यवाही की गई थी। जेल में बंद तस्करों के कारण जिले से पशु तस्करी का अवैध कारोबार थम गया था। नई गैंग बनाकर तस्करी की सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही की है। दबिश के दौरान एएसआई गोविंद प्रजापति, दिनेश राठौर, रामपाल पटेल, भानुप्रताप, अनिल मरावी शामिल रहे।

## गुम हुए 11 मोबाइलों को पुलिस ने उनके मालिकों को किया वापस



**हरभिमि न्यूजकोतमा।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत कोतमा थाना अंतर्गत गुम हुए 11 लोगों के मोबाइलों को थाना प्रभारी एवं टीम द्वारा बरामद कर उनके मालिकों को वापस किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा गुम हुए मोबाइल फोनो को दस्तयाब कर 5 अगस्त मंगलवार को असली मोबाइल मालिकों को सौंपा गया। गुम मोबाइल की कीमत 2 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। कई दिनों से गुम मोबाइल को पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और होठों पर मुस्कान तैर गई। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश ताम्रकार सहित व्यापारियों एवं नागरिकों ने एसपी और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद किया। लोगों का कहना था कि पुलिस की सक्रियता के कारण उनका मोबाइल मिल सका। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ समय पहले गुमें मोबाइल को लौटाया गया है। पुलिस टीम एवं साइबर सेल की मदद से दस्तयाब किया गया।कार्यवाही टीम में प्रधान आरक्षक कपिल उइके, राकेश सिंह जितेंद्र मंडलोई, मनोज उपाध्याय, साइबर सेल से पंकज मिश्रा शामिल रहे।

## रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी चहल पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सावन के अंतिम दिनों के साथ ही राखी का पर्व नजदीक आने से बाजारों में रौनक लौट आई है। स्लीमनाबाद के मुख्य बाजार, मुख्य तिराहा सहित बहोरीबंद मार्ग में दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। बहन-भाई के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व इस बार नए ट्रेंड की राखियों और उपहारों के साथ मनाने की तैयारी है।

9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व हैं। इस बार बाजार में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां जैसे छोटा भीम, मोटू. पतलू, डोरेमॉन और स्पाइडरमैन खूब बिक रही हैं। वहीं युवाओं और वयस्कों के लिए मोती, जरी, मेटल चार्म, सिल्वर और स्टोनवर्क वाली राखियां खास पसंद की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को देखते हुए सीड राखियां भी बाजार में उपलब्ध हैं,



जिन्हें बाद में मिट्टी में बोकर पौधे उगाए जा सकते हैं। साथ ही, ल्यूमिनस् और एलईडी राखियां रात के समय चमकने के कारण बच्चों में खासा लोकप्रिय हो रही हैं।

राखी के साथ देने के लिए रंग-बिरंगे डिजाइनर रूमाल, चॉकलेट बॉक्स, मिठाइयों के मिनी पैक और ड्राईफ्रूट के गिफ्ट पैकेट्स की बिक्री में भी उठाव दिखने लगा है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार राखी.रूमाल के कॉम्बो गिफ्ट सेट की डिमांड काफ़ी बढ़ी है। राखी के साथ.साथ स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी जैसे त्यौहार भी नजदीक हैं, जिससे कपड़ा बाजार में ग्राहकों की हलचल बढ़ गई है। महिलाएं साड़ी, सूट, कुर्ती और बच्चों के लिए नए कपड़ों की खरीदारी कर रही हैं। दुकानदार त्यौहारी ऑफर में छूट भी दे रहे हैं। बच्चों के पारंपरिक परिधानों धोती,कुर्ता, लहंगा,चोली और जन्माष्टमी के लिए कृष्णा कॉस्ट्यूम की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

**एसपी के निर्देश पर जिले भर में पुलिस ने की काम्बिग गश्त**

## काम्बिंग गश्त में नशे में वाहन चलाने एवं अवैध शराब बेचने वालों पर हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में पुलिस ने विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। गश्त विशेष रूप से संवेदनशील और आपराधिक गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रित रही जिसमें थाना प्रभारी, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक, साइबर सेल एवं विशेष बल की संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की।

अभियान के दौरान निगरानी बदमाशों व डोजियर आरोपियों की जांच की गई। झुग्गी-झोपड़ी, डेरा, किराए के मकान, होटल-ढाबों की तलाशी ली गई। अवैध गतिविधियों (जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध शराब) पर निगरानी रखी गई। संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच एवं रात में खुले प्रतिष्ठानों की चेकिंग की गई।

कटनी पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 20 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए साथ ही विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों



के 109 वारंटी गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा अपराधियों के घर जाकर कुल 50 गुंडा चेक किए गए। कटनी पुलिस द्वारा अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 49 निगरानी बदमाश चेक किए गए एवं अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 18 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए। पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमस व 69 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कटनी पुलिस द्वारा 07 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई। कांबिंग गस्त के दौरान एक प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया।

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 117 प्रकरणों 123 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 16 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। गश्त के दौरान पुलिस ने आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

# धनपुरी में सफाई व्यवस्था ठप: 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**पहले दिन से ही नगर में फैला कचरा, नागरिकों में बढ़ी चिंता, कर्मचारियों में भारी आक्रोश**

धनपुरी नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों ने वर्षों से चली आ रही उपेक्षा और समस्याओं को लेकर आखिरकार 5 अगस्त मंगलवार सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी।

धनपुरी।



अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के नेतृत्व में यह हड़ताल 11 सूत्रीय मांगों को लेकर की जा रही है, जिसमें कर्मचारियों के नियमितीकरण, बीमा, वेतन भुगतान, पुनः बहाली सहित कई ज्वलंत मुद्दे शामिल हैं। पहले ही दिन नगर के हर गली-मोहल्ले में कचरे का अंबार लग गया है, जिससे नागरिकों में भी आक्रोश पनपने लगा है।प्रशासन की अनदेखी बनी हड़ताल की वजहकर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे हैं, मगर नगर पालिका प्रशासन ने अब तक सिर्फ आश्वासन दिया है, समाधान नहीं। कई बार मौखिक और लिखित आवेदन दिए गए, मगर समस्याएं जस की तस बनी रहीं। बीमार कर्मचारी इलाज के लिए तरस रहा है, मृतक कर्मचारी के परिजनों को नौकरी नहीं मिली, हटाए गए कर्मचारियों की बहाली नहीं हुई – इन सभी बातों ने आक्रोश को हड़ताल में बदल दिया।ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगेः पूर्व में हटाए गए 5 कर्मचारियों की बहाली।दिवंगत वाहन चालक सुनील सिंह के पुत्र को नौकरी नियमितीकरण व पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र हो। 1 से 5 तारीख के भीतर वेतन भुगतान अनिवार्य हो। पुराना रोका गया वेतन तत्काल भुगतान किया जाए।सभी कर्मचारियों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा मिले। हाका गैंग में लगाए गए कर्मचारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नगरपालिका की हो।नेमचंद असावदर जैसे घायल कर्मियों को राहत दी जाए।एक ही स्थान पर उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था हो। कर्मचारी के बीमार होने पर उसके स्थान पर अस्थायी व्यवस्था हो।अशिक्षित चपरासी को वाहन प्रभारी बनाए जाने की जांच हो।चौंकाने वाला आरोपः अशिक्षित चपरासी बना वाहन प्रभारीहड़ताली कर्मचारियों ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि नगरपालिका प्रशासन ने एक ऐसे चपरासी को वाहन प्रभारी बना दिया है जिसे अक्षर तक नहीं आते। ऐसे में रजिस्टर, लॉगबुक और वाहन संचालन से संबंधित कागजातों को कौन देखेगा। शहर में गंदगी का आलम, बीमारी फैलने की आशंकाहड़ताल के पहले दिन ही नगर के मुख्य चौराहों, बाजारों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरे के ढेर दिखाई देने लगे हैं। वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। नागरिकों को दुर्गंध, मच्छरों और गंदगी से भारी परेशानी हो रही है। यदि हड़ताल लंबे समय तक जारी रही, तो डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।कर्मचारियों का ऐलान समाधान नहीं तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। कर्मचारी संगठन ने प्रशासन से तत्काल ठोस निर्णय लेने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### सेवा निवृत्त उपरांत विदाई समारोह कार्यक्रम

**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत सभागार में जनपद पंचायत के भृत्य शंकर लाल वर्मा जनपद पंचायत ब्यौहारी को सेवा निवृत्त उपरांत विदाई समारोह कार्यक्रम जनपद सभागार में किया गया। श्री वर्मा ने 39 साल इस विभाग में अपनी सेवाएं दी। शंकर लाल को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### वार्डों में कीटनाशक का किया गया छिड़काव



**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारी मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु वार्डों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है ताकि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव किया जा सके। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम सीमांतर्गत बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 19 की विभिन्न क्षेत्रों में सघन कीटनाशक अभियान चलाते हुए दवा का छिड़काव कराया गया। नागरिकों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मौसमी बीमारियों मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु नगर निगम द्वारा आगे भी निरंतर वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नियमित रूप से कराया जाएगा ताकि आमजनों को मौसमी बीमारियों के प्रकोप से बचाया जा सके।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर दिए निर्देश

**कटनी।** टीएल बैठक में कलेक्टर दिलीप यादव ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासन के निर्देशानुसार जिले में प्रथम चरण में 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम एवं चर्चाएं इत्यादि कराये जाने के निर्देश दिए। इस अभियान के प्रथम चरण में, तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश वयवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन इत्यादि प्रमुख घटक होंगे।

### नर्मदा जल से भगवान शंकर का किया जलाभिषेक



**सिलौंडी।** सावन माह के अंतिम सोमवार को गवरी घाट से पैदल नर्मदा जल लेकर आए 35 कावड़ियों ने भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक किया। सभी 35 युवाओं का दल दोपहर 12 बजे सिलौंडी बस स्टैंड पहुंचा ।ग्राम के लोगों ने पुष्प वर्षा और तिलक वंदन कर उनका भव्य स्वागत किया। पूरे गांव के भ्रमण कर भगवान शिव शंकर को जलाभिषेक किया। गांव के लोगों ने अपने अपने घरों से निकलकर सभी के स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था कराई है।

### जिले में अब तक 726.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 4 अगस्त तक कुल 726.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 973 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 688.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 5.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

## आवारा मवेशियों को पकड़ कर भेजा गया कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



नगरीय क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गों में आवारा घूमने वाले मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के मद्देनजर नगर निगम द्वारा सभी जोन क्षेत्रों में आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। शहर के मिशन चौक ,माधव नगर,न्यायालय रोड,पीर बाबा सहित विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य मार्गों में हाका टीम के कर्मचारियों द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर 25 नग आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद कराया गया है। अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने हांका टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ शहर के मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों सहित मुख्य मार्गों में घूमने वाले आवारा मवेशी को पकड़ने का कार्य कर काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे कांजी हाउस में छोड़ने का कार्य कर रही है।मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने पशु पालकों से अपील की है कि खुले में आवारा मवेशियों को न छोड़कर अभियान में सहयोग प्रदान करें।

## कोयलांचल के बच्चों ने उज्जैन में लहराया परचम

**लाठी प्रतियोगिता में जीते कई पदक, स्कूल लौटने पर बच्चों का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत, कोच बोले- बच्चों में है भरपूर टैलेंट**

धनपुरी।



उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय लाठी प्रतियोगिता में कोयलांचल नगरी धनपुरी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। अगम एकेडमी के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और विभिन्न श्रेणियों में स्वर्ण और कांस्य पदक अपने नाम किए।प्रतियोगिता में आगमदीप सिंह ने 2 स्वर्ण पदक, नमन दहिया ने 2 स्वर्ण पदक, प्रतिष्ठा गौतम ने 2 स्वर्ण पदक, वहीं अनिरुद्ध सिंह ने 2 कांस्य पदक जीतकर कोयलांचल की धरती को गौरवान्वित किया।राज्य स्तर की इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ियों का धनपुरी रेलवे स्टेशन पर फूल माला, ढोल-नगाड़ों और मिठाई के साथ भव्य स्वागत किया गया। बच्चों के माता-पिता, परिवारजन व शुभचिंतकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और बच्चों को आशीर्वाद दिया।कोच गुरदीप सिंह ने बताया कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस जरूरत है सही मार्गदर्शन और अभ्यास की। उन्होंने कहा, ‟हमने बच्चों के हुनर को पहचाना और नियमित अभ्यास कराया, जिससे वे राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने में सफल हुए।‟इस उपलब्धि में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भूमिका भी सराहनीय रही। उनके उत्साहवर्धन और सहयोग से ही बच्चों में आत्मविश्वास पैदा हुआ।स्वागत कार्यक्रम में शिवप्रसाद दहिया, गोविंद सिंह परिहार, पूर्व पार्षद श्रीमती शशिकला दहिया, पार्षद पवन चीनी, पूर्व सरपंच यदुराज मुस्कु पनिक्का, मंडल उपाध्यक्ष सचिन दहिया, आशीर्वाद मिश्रा, नितिन कुमार दहिया, योगेंद्र सिंह परिहार, रिषु बग्गा, पुष्पेंद्र सिंह, वैशाली दहायत, रागिनी दहिया, हर्ष दहिया, संकल्प दहिया, रणवीर दहिया समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।समारोह के दौरान सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने का जरिया बनते हैं, जिससे आने वाले समय में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

## 108 एंबुलेंस बनी धक्का गाड़ी, सवालों में स्वास्थ्य सेवा की जमीनी हकीकत






शहडोल।

एक ओर सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से निःशुल्क 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करा रही है, ताकि आपात स्थिति में समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जा सके, लेकिन जिले की हकीकत इस दावे को पूरी तरह झुठलाती नजर आ रही है। संभागीय मुख्यालय से सटे सिंहपुर रोड स्थित पोंडा नाला के पास 108 एंबुलेंस अचानक खराब हो गई। न केवल एंबुलेंस से धुआं निकलता दिखा, बल्कि वह सडक़ पर ही बंद हो गई, जिससे उसे लोगों को धक्का देकर आगे बढ़ाना पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह दृश्य न केवल शर्मनाक है, बल्कि गंभीर सवाल भी खड़े करता है। कल्पना कीजिए अगर उस समय एंबुलेंस में कोई गंभीर मरीज होता तो क्या होता? क्या इस खस्ताहाल वाहन में बैठे मरीज की जान बच पाती? इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और सरकारी तंत्र की हकीकत उजागर कर दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में चल रही कई 108 एंबुलेंसें लंबे समय से मेंटेनेंस के अभाव में चल रही हैं। न तो समय पर इनकी सर्विसिंग हो रही है और न ही वाहन की तकनीकी जांच की जाती है। जिससे एंबुलेंस दुर्घटना या खराबी की स्थिति में मरीजों के लिए खतरा बन जाती है। स्थानीय नागरिक रामप्रकाश गुप्ता ने बताया कि जिले में चल रहीं कई एम्बुलेंस खराब स्थिति में हैं। इनकी समय पर सर्विसिंग नहीं होती, न ही किसी तरह की तकनीकी जांच की व्यवस्था है। कई गाडिय़ां जर्जर हालत में हैं, लेकिन मजबूरी में इन्हें सेवा में रखा गया है। एक अन्य निवासी संगीता वर्मा ने बताया कि कॉल करने पर कई बार एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचती, और जब आती है तो उसकी हालत देख कर ही डर लगने लगता है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से जुड़ी यह कोई पहली घटना नहीं है। पूर्व में भी कई बार शिकायतें आई हैं कि जिले में 108 सेवा के संचालन में घोर अनियमितताएं हैं। मेंटेनेंस ठेकेदार की जवाबदेही तय नहीं की जाती और एंबुलेंस स्टाफ भी अक्सर बगैर पर्याप्त संसाधन के काम करता है। कई बार ऑक्सीजन सिलेंडर खाली होते हैं या स्ट्रेचर टूटा होता है।

इस मामले पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 108 सेवा का संचालन निजी एजेंसी द्वारा किया जाता है और इसकी मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी उसी की होती है। विभाग केवल मॉनिटरिंग करता है।

अब सवाल उठता है कि जब मॉनिटरिंग ही ढंग से नहीं हो रही, तो आम लोगों को इसका खामियाजा क्यों भुगतना पड़ रहा है? सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर अब नागरिक संगठनों ने भी आवाज उठाना शुरू कर दिया है। लोगों ने मांग की है कि जिले में 108 एंबुलेंस सेवाओं की व्यापक जांच की जाए और दोषी ठेकेदारों व अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। यह घटना न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति की ओर इशारा करती है, बल्कि शासन-प्रशासन के उस संवेदनहीन रवैये को भी उजागर करती है, जिसमें मरीज की जान से ज्यादा कागजी रिकॉर्ड को महत्व दिया जा रहा है



## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शहडोल-सोहागपुर मंडल की बैठक संपन्न

**शहडोल।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय अटल निलय , कमला नगर में शहडोल नगर मंडल एवं सोहागपुर मंडल की संयुक्त कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारतीय परंपरा अनुसार भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी एवं सोहागपुर मंडल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा एवं ने की। बैठक का संचालन शुभम मिश्रा एवं नागेंद्र गोले ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आशीष तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा मौजूद रहीं।

**प्रेरणादायक रहा उद्बोधन -** जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस को देशभक्ति पर्व के रूप में जनमानस के साथ हर्षोल्लास से मनाते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि हर घर पर तिरंगा फहराया जाए। मंडलों में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाए। शहीद सैनिकों और पुलिसकर्मियों का सम्मान हो। युद्ध स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। स्वतंत्रता संग्राम स्थलों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाए। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर तक 100 प्रतिशत सुना जाए। बूथ और शक्ति केंद्रों पर संयोजक व सहसंयोजक की नियुक्ति की जाए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ता अपने घरों, सार्वजनिक स्थलों और बगीचों में पौधारोपण करें।

**कार्यकर्ताओं की भागीदारी-** इस महत्वपूर्ण बैठक में शहडोल नगर मंडल एवं सोहागपुर मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ एवं ज्येष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे और देशभक्ति अभियान को सफल बनाने हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की।

## सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए जिले के 7 खिलाड़ी चयनित, राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता गुवाहाटी में 21 से 25 अगस्त तक

**कलेक्टर ने खिलाडियो को दी बधाई एवं शुभकामनाएं**



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित रिलायंस शहडोल (डीएफए) की टीम से रोशनी परस्ते, मोनिका सिंह, प्रीती सिंह, गुंजन देवी, दिव्या संत, संध्या सहिस, चांदनी यादव, कुल 7 फुटबाल खिलाडियो के चयन पर खुषी व्यक्त की है। उन्होंने मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं खेल एवं युवक कल्याण विभाग इंदौर एवं महू के संयुक्त तत्वाधान में 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक महू (इंदौर )में आयोजित किया गया था। जिसमें भाग लेने वाले रिलायंस शहडोल डीएफए की टीम से मुलाकात कर उनकी सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि शहडोल जिला फुटवाल का नर्सरी बन चुका है, यहां से लगातार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा एवं क्षमता का प्रदर्षन कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सौम्या आनंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, सहायक संचालक खेल श्री रईस अहमद, महिला समिति की अध्यक्ष शहडोल संगीता दुबे, रिलायंस फाऊंडेशन शहडोल से डॉ. समीम एवं उनकी पूरी टीम ने खिलाडिय़ों को फूल माला से सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने जानकारी दी है कि मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन खेल युवक कल्याण विभाग इंदौर एवं महू के संयुक्त तत्वावधान में 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक महू (इंदौर )में आयोजित सब जूनियर बालिका इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल प्रतियोगिता मे पूरे मध्य प्रदेश से कई फुटबॉल टीमो ने हिस्सा लिया जिसमें पहली बार सब जूनियर बालिका रिलायंस शहडोल (डीएफए) की टीम ने भाग लिया और फाइनल में खेला फाइनल में मंडला जिले से तीन- दो से हार गई अच्छे खेल के प्रदर्शन पर सात खिलाडिय़ों का मध्य प्रदेश टीम में चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम का प्री नेशनल कोचिंग कैंप महू,( इंदौर) में 5 से 13 अगस्त 2025 तक चलेगा, राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता गुवाहाटी (असम )में 21 से 25 अगस्त 2025 तक आयोजित की जाएगी।

खबर संक्षेप

## संकल्प महाविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस संपन्न



अनूपपुर। संकल्प महाविद्यालय, अनूपपुर ने अपनी सफलता की गौरवमयी 8 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर 9वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, सांस्कृतिक विविधता और गरिमामय माहौल में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, विशिष्ट अतिथि डॉ. आरके वर्मा, जिला थाना प्रभारी अरविन्द जैन, तुलसी कॉलेज के प्राचार्य अनिल सक्सेना एवं उप-प्राचार्य डॉ. जेके संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक एवं आधुनिक नृत्य, भावपूर्ण गीत, कविताएं और लघु नाट्य प्रस्तुति शामिल रही। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभा एवं रचनात्मकता को उजागर किया। संस्थान के संचालक अंकित शुक्ला ने प्रेरणादायक संबोधन में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कृ पिछले आठ वर्षों में संकल्प महाविद्यालय ने शिक्षा और सामाजिक योगदान के क्षेत्र में जो पहचान बनाई है, वह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। आने वाले वर्षों में हमारा संकल्प इसे नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना है। महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मेहनत, सकारात्मक सोच और निरंतर सीखते रहने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन पर संयोजकों ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल महाविद्यालय की एकजुटता को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार भी करते हैं। संकल्प महाविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस इस बात का सशक्त प्रमाण है कि यह संस्थान शिक्षा, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है तथा भविष्य में भी उत्कृष्टता की नई मिसालें स्थापित करता रहेगा।

## कलेक्टर ने 71 आवेदकों की सुनी समस्याएं

अनूपपुर। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 71 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ग्राम दुलहरा तहसील अनूपपुर के पुरुषोत्तम दास पटेल ने भू-अधिकार पुस्तिका में नाम सुधारने, ग्राम लमसरई तहसील पुष्पराजगढ़ की श्रीमती सुघरबती बाई ने चिकित्सा हेतु सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम गुंवारी तहसील जैतहरी के प्रदीप जायसवाल ने उनके पट्टे की भूमि को मोजर बेयर कम्पनी द्वारा अधिग्रहीत किए जाने पर कम्पनी द्वारा रोजगार दिलाए जाने तथा अन्य आवेदकों ने पट्टे की भूमि का सीमांकन व नक्शा तरमीम कराने, प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाए जाने व समग्र आईडी में सुधार कराए जाने आदि के संबंध में आवेदन दिए।

### पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हुये आरोपी

# कंपनी हड़पने के साजिशकर्ता पर कसा पुलिस का शिकंजा

## कटनी पुलिस के बाद अब कोलकाता पुलिस ने कोतमा मे की छापेमारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पश्चिम बंगाल थाना हरे स्ट्रीट पुलिस ने सोमवार को जिले के कोतमा में दबिश दी। दरअसल यह छापेमारी कोलकाता (पश्चिम बंगाल) पुलिस द्वारा कोतमा में महेन्द्र गोयनका, मनीष गोयनका, सुनील कुमार अग्रवाल और अन्य पर जालसाजी व आपराधिक साजिश का आरोप के तहत की गई है। धोखाधड़ी कर कटनी/जबलपुर की कंपनी में कब्जा के षड्यंत्र वाले महेंद्र गोयनका, मनीष गोयनका सहित सुनील अग्रवाल और सन्मति जैन के खिलाफ कोलकत्ता में दर्ज धोखाधड़ी के प्रकरण में कोलकत्ता पुलिस ने अनूपपुर जिले के कोतमा में छापा मारा, हालांकि सभी आरोपी पुलिस की भनक लगते ही भाग गए। करोड़ों अरबों रुपये की हेराफेरी धोखाधड़ी करने जैसे संगीन आरोप कोतमा निवासी महेंद्र गोयनका सनमति जैन सुनील अग्रवाल पर लगे है। आज भले ही महेंद्र गोयनका रायपुर छत्तीसगढ़ में निवास कर रहा है लेकिन जन्म स्थान तो कोतमा ही है। बता दें कि कटनी की एक इस्पात कंपनी हड़पने का मास्टर माइंड महेन्द्र गोयनका की साजिश नाकाम हो गई है। कटनी मे विजय राघवगढ़ भाजपा विधायक संजय पाठक का पूर्व कर्मचारी रह चुका महेंद्र गोयनका कंपनी हड़पने का यह पूरा ताना बाना रचा था इस साजिश में शामिल कंपनी के 4 डायरेक्टरों की अपील हाईकोर्ट से खारिज हो गई है। जिस मोटर सायकिल शोरूम मे यह कार्यवाही की गई वह महेंद्र गोयनका का है। जानकारी के मुताबिक कोलकाता में दर्ज एक प्राथमिकी के तहत कोलकाता पुलिस की टीम कोतमा पहुंची। यह पूरा मामला महेन्द्र गोयनका, उसके भाई मनीष गोयनका, सुनील कुमार अग्रवाल और अन्य




सहयोगियों के खिलाफ है। आरोप है कि इन सभी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक कंपनी पर अवैध कब्जा करने की साजिश रची। इस आरोप के तहत प्रकरण भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (मूल्यवान सुरक्षा का जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज किया गया है। जांच और साक्ष्य की जब्ती के लिए कोलकाता पुलिस ने कोतमा स्थित हीरो शोरूम और अन्य संबंधित स्थानों पर छापेमारी की। हालांकि, सभी मुख्य आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए। पश्चिम बंगाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्त की थी नाराजगी

जून माह मे सुप्रीम कोर्ट ने कटनी की इस्पात कंपनी यूरो प्रतीक को हड़पने वालों की गिरफ्तारी नदारद होने के प्रकरण में राज्य शासन से जवाब-तलब किया था जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा व जस्टिस मनमोहन की खण्डपीठ ने इसके लिए चार सप्ताह की मोहलत दी था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया था कि यह मामला संज्ञान में आ चुका है। यदि मौजूदा जांच एजेंसी का रवैया इसी तरह ढुलमुल रहा तो जांच सीबीआई को सौंपने पर विचार किया जा सकता है। दरअसल, इस्पात कंपनी को हड़पने की साजिश के आरोप कटनी के भाजपा विधायक



संजय पाठक के पूर्व कर्मचारी महेंद्र गोयनका पर लगे हैं। बता दें कि कटनी के माधव नगर में रहने वाले हरनीत सिंह लाम्बा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर करके जबलपुर आईजी के नौ अक्टूबर, 2024 के उस पत्र को चुनौती दी थी, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट तक से अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त होने के बावजूद जबलपुर आईजी ने कटनी के हरगढ़ में स्थित यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया लिमिटेड के छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहने वाले डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल की गिरफ्तारी न करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद हाई कोर्ट ने विगत 22 अप्रैल को आईजी को तलब करते हुए कंपनी की रायपुर में 24 अप्रैल को होने वाली एनुअल जनरल मीटिंग को रोकने के भी निर्देश डीजीपी को दिए थे। एकलपीठ के आदेश के विरुद्ध डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव की ओर से दायर अपील निरस्त होने के बाद कंपनी के डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल और कंपनी की सेक्रेटरी लाची मित्तल की ओर से एक पुनर्विचार याचिका हाई कोर्ट में दायर


epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Virat Bhoomi.pdf - 03 May 2025 - Page 4

विधायक संजय पाठक के कर्मचारी गोयनका ने रची कंपनी हड़पने की साजिश

अब डायरेक्टरों की गिरफ्तारी तय

की थी। जिस पर हाई कोर्ट ने डीजीपी को कहा था कि वह तय करे कि किस एजेंसी से मामले की जांच कराई जाए। हाई कोर्ट के उक्त आदेश को चुनौती देते हुए सुरेन्द्र सिंह सलूजा ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश दिए थे।

### इसके पहले भी कटनी पुलिस ने मारा था छापा

आरोपी सनमति जैन व सुनील अग्रवाल के गिरफ्तारी को लेकर कटनी पुलिस ने मई माह के पहले दिन कोतमा मे डेरा डाला था, लेकिन उस समय भी आरोपियों को भनक लगते ही वे रफूचक्कर हो गये थे जिस कारण आरोपी न मिलने पर उसके परिजनों से पुलिस ने पूछताछ की थी जांच पुलिस खाली हाथ लौट गई थी। ज्ञात हो कि अपने विस्तृत आदेश में बेंच ने कहा है कि इस मामले में कंपनी डायरेक्टर हिमान्शु श्रीवास्तव, सन्मति जैन और सुनील अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट तक से अपना भाग्य आजमाया, लेकिन उन्हें अग्रिम जमानत नहीं मिली। हर अदालत में जांच एजेन्सी का यही कहना रहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी जरूरी है। इस मामले में डायरेक्टरों से पूछताछ जरूरी है उनसे दस्तावेज भी प्राप्त करना है जिनके बिना फाईनल रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकती। चूंकि आरोपियों को देश की सबसे बड़ी अदालत तक से राहत नहीं मिली है इसलिए तीनों डायरेक्टरों को कोई भी अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती कोर्ट के इस फैसले के बाद तीनों डायरेक्टरों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है।

### इनका कहना है

4 अगस्त को थाना हरे स्ट्रीट कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से एक पुलिस टीम कोतमा आई थी जो थाना हरे स्ट्रीट, कोलकाता के धारा 420, 406, 467, 468 आईपीसी के अपराध में माननीय न्यायालय सीजेएम कोलकाता का सर्च वारंट पर उक्त पुलिस टीम ने मनीष गोयनका निवासी कोतमा के सिटी ऑटोमोबाइल्स मनेंद्रगढ़ रोड कोतमा प्रतिष्ठान में तलाशी लेकर अपने उक्त मामले से संबंधित कुछ दस्तावेज जप्त किए है।

**रत्नांबर शुक्ला**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# अमरकंटक में पर्यटकों के साथ अभद्रता एवं मारपीट



## अमरकंटक की अतिथि-देवो भवः के पहचान को कर रहे धूमिल वीडियो वायरल होते ही कप्तान के सख्त कार्यवाही के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** देश-विदेश से प्रतिदिन आने वाले तीर्थ-यात्रियों और पर्यटकों की अतिथि-परंपरा के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन सावन के चौथे सोमवार (04 अगस्त 2025) को घटित एक घटना ने इस छवि पर प्रश्न-चिन्ह लगा दिया। छत्तीसगढ़ से आए श्रद्धालुओं के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला-प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है। पुलिस कप्तान ने अमरकंटक थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि दोषियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। साथ ही घटना-स्थल के सीसीटीव्ही फुटेज तथा वायरल वीडियो की फॉरेंसिक जाँच के आदेश दिए गए हैं। क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और गश्त बढ़ाई गई है।

### स्थानीय निवासियों व समाजसेवियों ने दी प्रतिक्रिया

अमरकंटक के समाजसेवी संगठनों और व्यापार-मंडलों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि "अमरकंटक की पहचान अतिथि-देवो भवः की संस्कृति से है। यदि ऐसे असामाजिक तत्वों पर रोक नहीं लगी तो धार्मिक पर्यटन को गहरी चोट पहुँच सकती है।" स्थानीय लोगों ने आरोपितों पर कड़ी धारा लगाने और भविष्य में ऐसी घटनाएँ न दोहराने के लिए स्थायी पुलिस-चौकी एवं हेल्प-लाइन जैसी व्यवस्थाएँ माँगी हैं। ज्ञात हो कि बीते एक वर्ष में तीन से अधिक घटनाएँ रिपोर्ट हुई हैं, जिनमें बाहर से आए पर्यटकों के साथ बदसलूकी या वसूली की शिकायतें दर्ज हुई थीं। लगातार घटनाएँ यह संकेत देती हैं कुछ संगठित गिरोह या स्थानीय बदमाश पर्यटकों को निशाना बना रहे हैं। शिकायतें दर्ज होने के बावजूद अभियोजन और सज़ा की दर कम रहने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### माँगें एवं अपेक्षित कदम

1. त्वरित न्याय सुनिश्चित करते हुए फास्ट-ट्रैक कोर्ट में मामला चलाया जाए।
2. पर्यटन-स्थलों पर समर्पित पुलिस सहायता केंद्र और हेल्प-डेस्क स्थापित हों।
3. होटल-धर्मशालाओं एवं टूर-ऑपरेटरों को अनिवार्य आई-कार्ड सत्यापन की व्यवस्था लागू करनी चाहिए।
4. स्थानीय युवाओं को पर्यटक मित्र कार्यक्रम से जोड़कर रोज़गार व जागरूकता दोनों को बढ़ावा दिया जाए।

# जनजातीय क्षेत्र में दिखा सनातन का भव्य रूप



## बोल बम के साथ अमरकंटक से निकली कांवड़ियों की यात्रा

**हरभिमि न्यूजअमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में सावन के पावन अवसर पर 4 अगस्त को सुबह 6:00 पवित्र नगरी अमरकंटक के नर्मदा उद्गम स्थल से बमलेश्वर धाम बावनगढ़ के लिए बोल बम कावड़ यात्रा नर्मदा अंचल वीर शिवाजी युवा संगठन हीरा सिंह श्याम मित्र मंडली के नेतृत्व में मां नर्मदा की पूजा करने के पश्चात यात्रा अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान की। इस यात्रा में लगभग 2 से 3 हजार लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई। आदिवासी परंपरा को सजोये हुए इस यात्रा के विहंगम दृश्य को देखने लायक था। जनजातीय क्षेत्र में इस यात्रा से सनातन का भव्य रूप दिखा।

### 45 किलोमीटर का सफर तय कर पहुंचे बमलेश्वर धाम

बोल बम कावड़ यात्रा में शामिल भक्तों ने नर्मदा जल लेकर 45 किलोमीटर का सफर तय करते हुए बमलेश्वर धाम बावनगढ़ पहुंचे। मैकल पर्वत के वादियों में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंच कर शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। अमरकंटक निकली बमलेश्वर धाम बावनगढ़ के लिए कावड़ यात्रा का ग्राम पंचायत अमरकंटक पोड़की, मुंडाकोना भंवरिया, लालपुर, बिजौडी, पमरा, भरनी, ताली, दोनिया, बटकी, जामकछार, मिर्चा, दादर तथा अन्य स्थानों पर जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया यात्रा में शामिल शिव भक्तों को सभी लोगों ने भरपूर समर्थन दिया फूल मालाओं से जहां उनका स्वागत हुआ तो वही चाय नाश्ते की व्यवस्था क्षेत्र की जनमानस द्वारा की गई।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने व्यक्त किया आभार

पिछले 6 वर्षों से निरंतर निकलने वाली इस बोल बम कावड़ यात्रा का नेतृत्व करने वाले भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने बताया कि मैकल पर्वत की वादियों में प्राचीन मंदिर बमलेश्वर धाम बावनगढ़ स्थित है यहां पर नर्मदा जल का जलाभिषेक करना अपने आप में एक पुण्य का कार्य है। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने इस यात्रा में शामिल सभी भक्तों तथा यात्रा को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी सनातनी प्रेमियों के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया और कहा कि सनातन धर्म को इसी तरह सभी लोग शक्ति प्रदान करें।

# पानी में बहा 35 करोड़, पहली बारिश भी नहीं झेल पाया






## स्टॉप डेम के साथ स्वच्छ पेयजल का टूटा सपना

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** पसान नगर पालिका अंतर्गत नल जल योजना के अंतर्गत केवई नदी पर बन रहा स्टॉप डेम पहली ही बारिश में बह गया है। यह डेम अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा था, ताकि अलग-अलग वार्डों में पानी का वितरण सरलता से हो सके। जुलाई 2025 की बारिश ने इस अधूरे डेम की पोल खोल दी। डेम में पहले ही दरारें पड़ चुकी थीं और अब बारिश में वह पूरी तरह टूट गया। निर्माण एजेंसी की लापरवाही और घटिया निर्माण कार्य के चलते यह नुकसान हुआ। नल जल योजना के अंतर्गत बनाया जा रहा यह डेम गुणवत्ता विहीन निकला, जिससे योजना पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगने लगे हैं। पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने यह बात कही है कि इस निर्माण कार्य में नगर पालिका की कोई भूमिका नहीं थी। यह निर्माण अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा था। गुणवत्ता को लेकर समय समय पर नगर पालिका ने इसमें आपत्ति दर्ज की व नगरीय प्रशासन विभाग व कलेक्टर अनूपपुर को इसकी शिकायत भी की गई है। नगर पालिका परिषद पसान का उद्देश्य है कि आम जन मानस को शुद्ध एवं स्वच्छ जल संकट से जूझना न पड़े परिषद ठेकेदार के खिलाफ समय समय पर कठोर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन समय पर कार्रवाई न होने के कारण पहली ही बारिश में डेम बह गया, जिससे जल संकट और गहरा गया है। अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित निर्माण कंपनी को पुनः स्टॉप डेम निर्माण के निर्देश दिए हैं। हालांकि, अब पसान नगर की जनता को जल संकट से मुक्ति पाने के लिए और लंबा इंतजार करना होगा। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 37 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद पहली ही बारिश में बह जाना सिस्टम की असफलता को दर्शाता है। मामले में जल्द और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

# त्यौहारों के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न



## सौहार्दपूर्ण परम्परा के अनुरूप त्यौहारों को मनाने की अपील

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में आज आगामी त्यौहार रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, हरितालिकातीज, गणेश चतुर्थी, मिलाद-उन-नवी एवं गणेश विसर्जन के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने शांति समिति के सदस्यों से आगामी त्यौहारों के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सुझाव लिये। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जायेंगी। साथ ही सदस्यों के सुझाव के आधार पर भी आवश्यक व्यवस्थायें की जायेंगी। कलेक्टर ने सभी से सौहार्दपूर्ण परम्परा के अनुरूप सद्भावना, शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार को मनाने की अपील की। उन्होंने पर्व के दौरान साफ-सफाई तथा आवश्यक व्यवस्था के संबंध में सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, यातायात व्यवस्था, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

### सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

बैठक में आगामी कृष्ण जन्माष्टमी त्यौहार में जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय कार्यक्रम मटकी फोड़ आदि आयोजित किए जाते हैं, के संबंध में भी चर्चा कर मटकी फोड़ कार्यक्रम में बनाई जाने वाली मानव श्रृंखला में छोटे बच्चों को सम्मिलित नहीं किए जाने का निर्णय लिया गया। यातायात के बेहतर व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। जन्माष्टमी के अवसर पर अनूपपुर शहर में श्री कृष्णा जन्माष्टमी का मुख्य आयोजन किया जायेगा। इस दौरान आवागमन को व्यवस्थित रखने हेतु थाना प्रभारी अनूपपुर एवं जिला यातायात प्रभारी अनूपपुर को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी, मिलाद-उन-नवी एवं गणेश विसर्जन के संबंध में निर्देश दिए कि गणेश उत्सव समितियां पण्डालों में अस्थाई विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर ही विद्युत का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग भजन एवं धार्मिक गीतों के लिए रात्रि 10 बजे तक ही किया जाना सुनिश्चित करें तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करते समय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गणेश प्रतिमा स्थापना हेतु बनाए गए पण्डाल में एवं विसर्जन के दौरान साउण्ड सिस्टम की अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिए जाने के पश्चात ही उपयोग किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मिलाद-उन-नवी त्यौहार के दौरान अनूपपुर नगर में मस्जिद के पास कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यिटी लगाई जाए, जो थाना प्रभारी के साथ आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने कहा कि आगामी सभी त्यौहार जिले की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाया जाए। प्रशासन और पुलिस शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर संभव सहयोग सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि आम जन के सहयोग से पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में जिले की कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द, समरसता बनाए रखने पर चर्चा कर सोशल मीडिया, फेसबुक, व्हॉट्सएप आदि माध्यमो से किसी दूसरे की भावना को ठेस पहुंचाने वाले पोस्ट्स न करने की अपील भी की गई है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, सभी एसडीएम, एसडीओपी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य गण, अधिकारीगण उपस्थित रहे।